तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 वन विभाग अभियान चलाकर करेगा दो लाख पौधों का रोपण














# दानदाताओं की बढ़ी संख्या लेकिन अभी भी ब्लड की कमी से जूझ रहा ब्लड बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**विश्व रक्तदाता दिवस**

रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है। किसी एक व्यक्ति द्वारा दिए गए रक्त की बदौलत दूसरे व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। वर्तमान समय में चलाए गए अभियानों की बदौलत रक्तदान के प्रति जागरूकता तो आई है लेकिन अभी भी रक्तदान को लेकर लोग उस तरह से रूचि नहीं ले रहे है जितनी अस्पतालों में जरूरत है। आज भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड की कमी से जूझ रहे है। अस्पताल में प्रतिदिन 25 से 30 यूनिट की खपत है जबकि स्टॉक महज 45 से 50 यूनिट का ही है। लगातर रोटेशन के कारण लोगों की जरूरतें तो पूरी हो जा रही है लेकिन कई बार अस्पताल प्रबंधन भी परेशानी भी बढ़ जाती है। विश्व रक्तदाता दिवस पर हरिभूमि ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विशेष चिकित्सकों से बात की। बता दें कि रक्तदान के प्रति देश व दुनियाभर में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। लगातर चलाए जा रहे अभियानों की बदौलत आज की स्थिति में सरगुजा में रक्तदान दाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है और लोग स्वयं से आगे आकर रक्तदान कर रहे है लेकिन अभी भी रक्तदान दाताओं की संख्या जरूरतमंदों की तुलना में कम है और इसका सीधा असर अस्पतालों के ब्लड बैंक पर पड़ता है। राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की बात की जाए तो अस्पताल में प्रतिदिन 25 से 30 यूनिट रक्त की खपत है जबकि अस्पताल के ब्लड बैंक का स्टॉक ही 50 यूनिट तक है। ऐसे में अस्पताल में रक्त के बदले रक्त प्रदान किया जाता है लेकिन कई बार सिकल सेल, थैलेसीमिया, कैंसर, गंभीर मरीजों, गर्भवती माताओं को निःशुल्क रक्त प्रदान करना पड़ता है ऐसे में अस्पताल का ब्लड बैंक खाली हो जाता है और कई बार रक्त की कमी के कारण गंभीर मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## प्रतिदिन बड़ी संख्या में निःशुल्क प्रदान किया जाता है रक्त, अभी भी लोगों में जागरूकता की कमी

### 30 समूह लगातार करते है रक्त दान

रक्तदान को लेकर चलाए रहे अभियान का असर भी हुआ है और बड़ी संख्या में लोग स्वयं से रक्तदान के लिए आगे आ रहे है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही लगभग 30 ऐसे समूह पंजीकृत है जो नियमित रूप से कैंप लगाकर रक्तदान करते है और एकत्रित किए गए ब्लड को ब्लड बैंक को प्रदान कर दिया जाता है। शहर में हेल्पिंग हैण्ड, अडानी, ब्रह्माकुमारी, शिक्षण संस्थान में साईं बाबा, पॉलिटेक्निक कॉलेज अन्य कॉलेज, बैंक, नर्सिंग कॉलेज, आर्ट ऑफ लिविंग, विभिन्न सामाजिक संगठन जैसी कुछ प्रमुख संस्थाएं है जो नियमित रूप से रक्तदान करते है लेकिन इनके लगातार प्रयास के बाद भी अस्पताल में रक्त की कमी बनी रहती है।



### डर दूर करने की जरूरत

रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। अस्पताल के ब्लड बैंक में जितना ब्लड रक्तदान के जरिए पहुंचता है उससे अधिक निःशुल्क वितरण हो जाता है। रक्त के बदले रक्त देने से ही अस्पताल में रक्त की उपलब्धता बनी रहेगी। लोगों को भी नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए इससे शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। लोगों के मन से रक्तदान को लेकर डर दूर करना जरूरी है।
डॉ. जगरानी लकड़ा

### निःशुल्क में जाता है सर्वाधिक रक्त

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक की क्षमता की बात की जाए तो यहां लगभग 1 हजार यूनिट रक्त को एक साथ स्टोर कर रखने की क्षमता है। रक्त को 2 से 6 डिग्री के तापमान में फ्रिज में रखा जाता है। अस्पताल में संभाग भर के लगभग 100 सिकलसेल, थैलेसीमिया के मरीज पंजीकृत है। इन मरीजों को प्रतिमाह दो से तीन यूनिट रक्त की जरुरत पड़ती है। इसके साथ कैंसर, गर्भवती माताओं, गंभीर मरीजों को भी रक्त निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। आंकड़ों पर नजर डाले तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विगत वर्ष सिर्फ कैंप की मदद से जनवरी से दिसंबर माह तक 1725 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया था लेकिन इसके विरुद्ध 1815 लोगों निःशुल्क रक्त प्रदान कर दिया गया। इसी प्रकार इस वर्ष जनवरी से अब तक कैंप व विभिन्न लोगों द्वारा किए गए डोनेशन की बदौलत 4350 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया लेकिन इसके विरुद्ध अब तक 4200 यूनिट तक रक्त प्रदान किया जा चुका है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रक्तदान से जितना रक्त ब्लड बैंक में पहुंच रहा है उससे अधिक खपत हो रही है।

### अपने ही कतराते है रक्त देने से

विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि ब्लड बैंक से जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आते है जिसमें रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता है। कई बार लोग अपनी पत्नी, रिश्तेदारों को रक्त देने से कतराते है जबकि वे पूर्ण रूप से स्वास्थ्य और रक्तदान के लिए पात्र होते है। लोगों में इस बात का भ्रम है कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी आती है जबकि यह पूर्ण रूप से मिथ्या है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी बने नायर

**अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल के नए प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने पदभार ग्रहण किया है।



स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर एक अनुभवी और उच्च शिक्षित अधिकारी जाने जाते हैं। उन्होंने भौतिक विज्ञान में एमएससी तथा मौसम विज्ञान में पीजी डिप्लोमा हासिल की है। स्क्वाड्रन लीडर नायर एक क्वालिफाइड ग्राऊंड इंस्ट्रक्टर हैं तथा वायु सेना अकादमी हैदराबाद में अपनी सेवाएं प्रशिक्षक के रूप में दे चुके हैं। जेम्स नायर जम्मू कश्मीर, गुजरात एवं राजस्थान में फील्ड यूनिट में भी तैनात रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिबद्ध एवं उत्तम सेवा के लिए उन्हें वायु ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, ट्रेनिंग कमांड द्वारा 2022 में प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ है।

### सड़क सुरक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक 18 को

**अंबिकापुर।** सड़क सुरक्षा के संबंध में जिला स्तरीय समिति से संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 18 जून को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक के बाद आयोजित की गई है। बैठक में आवश्यक जानकारी के साथ सर्वसंबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 19 से

**अंबिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि ऋणात्मक शेष अभिदाताओं के जीपीएफ पासबुक को अद्यतन कर ऋणात्मक शेष के संबंध में अन्य दस्तावेज सहित महालेखाकार रायपुर द्वारा 19 से 21 जून तक राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर में आयोजित शिविर में कार्यालयीन समय में शाखा से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर अभिदाता के ऋणात्मक शेष का निराकरण करा सकते हैं।

### कुंवरपुर डेम में मिली महिला की लाश

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर स्थित कुंवर पुर डेम में एक महिला की लाश मिली है। महिला की लाश काफी पुरानी होने के कारण सड़ गई है। ऐसे में फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा लाश को मर्च्युरी में रखवाया गया है इसके साथ ही मृतका की पहचान की जा रही है।

## संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

# मेडिकल कॉलेज की भूमि, नाला पर भू माफिया ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- एक साथ दस अतिक्रमण हटाए गए, एसडीएम, ननि आयुक्त रहे मौजूद

गंगापुर क्षेत्र में मेडिकल हब बनने की संभावनाओं के बीच अतिक्रमणकारियों में शासकीय जमीन पर कब्जा किए जाने की होड़ मची हुई है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि वे बेखौफ होकर शासकीय भूमियों पर कब्जा कर रहे है। इस बात का खुलासा आज नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से हुआ है। हैरानी की बात तो यह है कि अतिक्रमणकारियों के जमीन पर कब्जा जमाने के लिए रातों रात भवन का निर्माण कर लिया या फिर बाउंड्री वाल खींच दी लेकिन इस परिसर में कोई रहता नहीं है। लोगों ने मेडिकल कॉलेज की जमीन व नाला पर ही कब्जा कर लिया था। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई कर उन्हें जमींदोज कर दिया। बता दें कि शहर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है और आने वाले समय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भवन का निर्माण पूर्ण होते ही इस यह क्षेत्र एक मेडिकल हब के रूप में विकसित जाएगा। इसीलिए जिन लोगों कि इस क्षेत्र में जमीनें है वे अभी से मकान व दुकान निर्माण में लग गए है लेकिन इन सब के बीच भूमाफिया भी सक्रिय हो गए है और शासकीय जमीन पर कब्जा करने की होड़ मची हुई है। लोगों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि पर ही कब्जा कर लिया। गुरुवार को एसडीएम फागेश सिन्हा, ननि आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत जब अतिक्रमण पर कार्रवाई करने पहुंचे तो वे भी हैरान रह गए। शहर के गंगापुर नाला पारा 1 में अतिक्रमणकारियों ने मेडिकल कॉलेज को आबंटित ⏭ शेष पेज 4 पर



अतिक्रमण हटवाते अधिकारी।

### नाला पर कब्जा, टापू में बनाया घर

आज अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान टीम गंगापुर नाला पारा 2 पहुंची जहां अतिक्रमणकारियों ने नाला पर ही कब्जा कर लिया गया था। लोगों ने नाला को बंद कर उसके ऊपर ही मकान बना दिया गया था। इस दौरान दो घर तो ऐसे थे जिसके चारों ओर पानी था और बीच में मकान का निर्माण किया गया था। वर्तमान में पानी कम होने के कारण उस स्थान पर कीचड़ था ऐसे में निगम द्वारा जेसीबी को कीचड़ में उतारकर अतिक्रमण को तोड़ा गया। नाला पारा 2 में टीम द्वारा कुल चार अतिक्रमण को हटाया गया।

### कमरे से मिला दस्तावेज का भण्डार

आज कार्रवाई के दौरान जब टीम नालापारा 1 में मौजूद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जब एक घर का दरवाजा तोड़ा तो दो कमरे खाली थे लेकिन तीसरे कमरे में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। तीसरे कमरे में भारी संख्या में दस्तावेज पड़े हुए थे। वहीं मौके पर 2 मॉनिटर, 2 सीपीयू, 2 प्रिंटर, डेस्क बेंच सहित अन्य सामान मिले। इन दस्तावेजों को देखकर अंदाजा लगाया है कि इनका संबंध किसी एनजीओ से है और एनजीओ द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा के बाद दस्तावेजों को इस सूने मकान में छिपाया गया था। फिलहाल नगर निगम द्वारा एसडीएम की मौजूदगी में पंचनामा बनाकर दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। आने वाले समय में यदि दस्तावेजों की जांच की जाए तो निश्चित रूप से किसी बड़े मामले का खुलासा हो सकता है और अतिक्रमण करने वालों का खुलासा भी हो सकता है।

### बड़े पैमाने पर कब्जा

गंगापुर क्षेत्र में आज सिर्फ दस अतिक्रमण हटाए गए है। संयुक्त टीम ने सिर्फ उन मकानों व कब्जे को तोड़ा गया है जिनका कोई मालिक सामने नहीं आया। इन मकानों का निर्माण लोकसभा चुनाव में प्रशासनिक टीम की व्यस्तता का फायदा उठाकर किए जाने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही क्षेत्र में लगभग 50 से 55 घर ऐसे भी मिले जिन्होंने शासकीय जमीन पर कब्जा किया है लेकिन इन मकानों में लोग रहते है और कब्जाधारियों के अनुसार उनके पास जमीन का पट्टा है। ऐसे में जरूरी है कि जिला प्रशासन की टीम ऐसे कब्जों की भी जांच करें। यदि अवैध रूप से निर्माण किया गया है तो इन मकानों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### देर शाम सत्तीपारा में चलाया गया अभियान

वहीं आज देर शाम नगर निगम व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने सत्तीपारा करसु तालाब के पास किए गए अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। इस स्थान पर अतिक्रमणकारी के खिलाफ पूर्व में कार्रवाई की गई थी लेकिन पुनः उक्त व्यक्ति द्वारा शासकीय जमीन पर निर्माण कर लिया गया था। ऐसे में संयुक्त टीम ने पुनः उक्त जमीन पर बुलडोजर कार्रवाई कर अतिक्रमण को हटाया गया। वहीं तालाब के आस पास की जमीन पर किए गए निर्माणों की जांच के लिए नाप जोख का काम भी तहसीलदार के निर्देश पर शुरू कर दिया गया है।

# नवपदस्थ एसपी योगेश पटेल ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- अधिकारियों की ली बैठक, आईजी से की मुलाकात

सरगुजा जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर जिले के कानून व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं एसपी ने रेंज के आईजी अंकित गर्ग से मुलाकात की। बता दें कि बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना के बाद सरगुजा के एसपी विजय अग्रवाल को बलौदा बाजार स्थानांतरित किया गया है जबकि उनके स्थान पर सरगुजा जिले में योगेश पटेल को भेजा गया है। योगेश पटेल 2018 बैच के आईपीएस है और जिले की कमान संभालने से पूर्व पुलिस अधीक्षक जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही एवं कमांडेंट 4थी वाहिनी सशस्त्र बल माना रायपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। आज नवपदस्थ एसपी श्री पटेल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। नव पदस्थ एसपी को राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया जबकि अधीक्षक को सलामी गार्ड द्वारा सलामी दी गई। एसपी ने पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यालयीन गतिविधियों की समीक्षा की। एसपी ने अधिकारियों से कार्यालयीन कार्यों में गतिशीलता लाकर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर जिले की कानून व्यवस्था की जानकारी ली व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सरगुजा के थाना व चौकी प्रभारियों कों जिले मे सख्त कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसामजिक तत्वों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर लगातार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों पर तत्काल अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करें।



# शादी समारोह से लौट रही नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

- दो विधि से संघर्षरत बालक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। शादी से घर लौट रही नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपचारी बालकों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 13 वर्षीया किशोरी 10 जून की रात शादी समारोह से अपने घर लौट रही थी। इस दौरान देर रात चार लोगों नाबालिग का अपहरण कर लिया और उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद नाबालिग बेहोश हो गई जिसके बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग निकले। लकड़ी को जब होश आया तो वह किसी तरह घर पहुंची और परिजन को घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजन के साथ पहुंची किशोरी द्वारा घटना की शिकायत 11 जून को महिला थाना में की गई थी। शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने 21 वर्षीय आकाश टोप्पो व 20 वर्षीय क्रिसमस टोप्पो समेत दो अन्य विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना की शिकायत के बाद दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की जांच चल रही है। गुरुवार को कोर्ट में पेश कर दो आरोपी को जेल और नाबालिगों को बाल सुधार ग्रह भेज दिया गया है।

## पुलिस को नहीं मिली घटना की जानकारी, आवागमन के लिए हो रहा मालवाहक वाहनों का उपयोग

# बरगीडीह में पलटा बारातियों से भरा ट्रैक्टर, एक दर्जन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी लोग मालवाहक वाहनों से आवागमन करने से बाज नहीं आ रहे है। बीती रात भी लुंड्रा के बरगीडीह में बारातियों से भरा एक ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों को चोट आई है। हैरानी की बात तो यह है कि दुर्घटना की जानकारी अगले दिन तक पुलिस को नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड एक ग्राम कुदर के ग्रामीण शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम बरगीडीह आए हुए थे। ट्रैक्टर में 24 से 25 लोग सवार थे। रात को वापस लौटते समय लगभग 10.30 बजे गाजरमुड़ा के समीप चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर की ट्राली में बैठे दो दर्जन लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना में महिलाओं, युवाओं व बच्चों समेत एक दर्ज लोग घायल हुए। गनीमत रही कि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी और पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि शादी से लौटने के दौरान चालक शराब के नशे में धुत्त था और तेज गति से वाहन चला रहा था। वहीं देर रात हुई इस घटना की जानकारी किसी ने भी लुंड्रा पुलिस को नहीं थी। थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर दुर्घटना की जानकारी थाने में नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।



### एक नर्स के भरोसे पीएचसी

बीती रात ट्रैक्टर दुर्घटना के बाद एक बार फिर से बरगीडीह पीएचसी की अव्यवस्था सामने आई। बरगीडीह पीएचसी में घटना के बाद एक दर्ज से अधिक लोग घायल अवस्था में पहुंचे थे और इस दौरान अस्पताल में सिर्फ एक स्टाफ नर्स मौजूद थी जो लोगों का उपचार कर रही थी लेकिन ज्यादातर लोगों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा था जिससे उनमें रोष भी देखने को मिला। बड़ी बात यह है कि अस्पताल में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। हालांकि इस मामले में बीएमओ डॉ. राघवेंद्र चौबे का कहना है कि बरगीडीह पीएचसी में पदस्थ आरएमए की ड्यूटी बरगीडीह के साथ ही धौरपुर में भी लगाईं जाती है। घटना के दौरान आरएमए धौरपुर पीएचसी में नाइट ड्यूटी पर थे। घटना के बाद उन्हें तत्काल बरगीडीह रवाना किया गया। वे स्वयं लगातार नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सक के सम्पर्क में थे। अस्पताल में किसी भी घायल को गंभीर चोट नहीं आई थी और उन्हें समय पर उपचार कर छुट्टी दे दी गई।

13- JUN-Jash-CORIYA-RAG-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/13/2024 7:34 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जैक स्नाइडर की दोनों रिबेल मून का अब रिलीज होगा डायरेक्टर्स कट वर्जन



एक्शन फिल्मों के शौकीन दर्शकों के लिए इस साल अगस्त का महीना बेहद खास होने जा रहा है। आज ही हॉलीवुड के बेहतरीन निर्देशक जैक स्नाइडर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक खुशखबरी को फैंस के संग साझा किया है। उनकी फिल्म 'रिबेल मून-पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून-पार्ट टूः द स्कारगिवर' को अब दर्शक डायरेक्टर कट के साथ देख पाएंगे। नए टाइटल के साथ उनकी दोनों फिल्में इस साल अगस्त में दस्तक देने जा रही है। जैक स्नाइडर ने क्या कुछ कहा है अपनी इन फिल्मों के बारे चलिए जानते हैं-- 'रिबेल मून' के निर्देशक जैक स्नाइडर ने आज खुलासा किया है कि उनकी दोनों फिल्म अब डायरेक्टर कट के साथ एक बार फिर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है। इस खबर को सुनकर 'रिबेल मून' के दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने अपने फैंस के संग फिल्म के नए टाइटल को भी साझा किया है। निर्देशक जैक स्नाइडर एक्शन फिल्मों के महारथी हैं। आज अपनी फिल्म 'रिबेल मून' के बारे में खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि 'रिबेल मून - पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून - पार्ट टूः द स्कारगिवर' को नए शीर्षक के साथ एक बार फिर से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने इसके साथ यह भी बताया कि दोनों फिल्मों के नाम क्रमशः 'रिबेल मून - चैप्टर वनः चालिस ऑफ ब्लड' और 'रिबेल मून - चैप्टर दोः कर्स ऑफ फॉरगिवनेस' होगा। 'रिबेल मून - चैप्टर वनः चालिस ऑफ ब्लड' और 'रिबेल मून - चैप्टर दोः कर्स ऑफ फॉरगिवनेस' को डायरेक्टर कट के साथ देखने के लिए दर्शक बेताब हो रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'कुली' की शूटिंग शेड्यूल में बदलाव, फ्लोर पर आएगी रजनीकांत और लोकेश की फिल्म



सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। हाल ही में उन्होंने 'वेट्टैयन' की शूटिंग पूरी की, जिसकी जानकारी निर्माताओं ने फिल्म के सेट से तस्वीर साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब अभिनेता अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। लोकेश कनगराज के साथ मिलकर रजनीकांत जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाले हैं, जिसके बारे में ताजा जानकारी सामने आई है। ताजा अपडेट के अनुसार, 'कुली' की शूटिंग 1 जुलाई से शुरू होने वाली है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। लोकेश कनगराज फिलहाल कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म के अन्य किरदारों के लिए कई कलाकारों का चयन कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 'कुली' लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्म नहीं होगी।

हाल ही में एक साक्षात्कार में निर्देशक लोकेश कनगराज ने खुलासा किया कि फिल्म में मजबूत महिला किरदार होंगे। खबरें हैं कि श्रुति हासन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी। कहा जा रहा है कि वे फिल्म में अभिनेता की बेटी के रूप में नजर आ सकती हैं। साथ ही कहा गया है कि अन्य बड़े कलाकारों को भी जल्द ही कास्ट किया जाएगा। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने बाकी है।

इससे पहले यह खबर आई थी कि फिल्म का पहला भाग पूरी तरह से फाइनल हो चुका है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद सावधानीपूर्वक तैयार किए गए हैं। टीम शेष हिस्से को तेजी से पूरा करने के लिए तैयार है।

कुली' के सह-लेखकों में से एक चंद्रू अंबाजगन ने आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर यह रोमांचक खबर साझा थी। कुली फिल्म का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत निर्देशक हैं।

### भोजपुरी

## फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्ट लुक हुआ आउट,जल्द लांच होगा ट्रेलर



लगातार बैक टू बैक भोजपुरी फिल्मों के निर्देशन करने वाले डायरेक्टर संजीव बोहारपी की एक और फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्टलुक आउट जारी हुआ। इसके बाद फिर एक बार यह फिल्म चर्चा का विषय बन गई है। इसके फर्स्टलुक को जहां फिल्मी जगत के लोग पसंद कर रहे है वहीं भोजपुरी फिल्मों से सोशल मीडिया से जुडे लोग भी पसंद कर रहे है। फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी एवं डायरेक्टर संजीव बोहारपी ने बताया कि ट्रेलर भी जल्द ही लांच होगा और कोशिश है कि इस फिल्म का प्रदर्शन जल्द से जल्द किया जाए।

इस फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी, प्रदीप सिंह एवं अंजनी तिवारी है। वहीं भोजपुरी इंडस्ट्री से संजना पांडे,आकाश,श्लेषा मिश्रा, ललित उपाध्याय,किरण यादव,विनोद मिश्रा,प्रिया पांडे, भानु पांडे, वंदना दुबे,श्रष्टि पाठक, गौरव पांडे, काजल मौर्या,महेंद्र प्रताप सिंह और सुरेश यादव जैसे कलाकार शामिल है। वहीं इस फिल्म में कथा,पटकथा,संवाद सत्येंद्र सिंह, कला-अंजनी तिवारी, छायांकन-विजय मंडल, नृत्य-कानू मुखर्ज़ी, सोनू प्रीतम, मारधाड़-श्रवण कुमार, संगीत- ओम झा, गीत-अरबिंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, संकलन-धरम सोनी, पोस्ट प्रोडक्शन -बॉलीवुड उमंग, ट्रेलर,डी .आई. कलरिस्ट- धरम सोनी, पाश्र्व संगीत मिक्सिंग -प्रियांशू राज, क्रिएटव टीम -मारुदा शर्मा (ईपी), नेहा उपाध्याय, विशाल यादव, कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी, सह-निर्देशक- पुष्पेंद्र सिंह मोनू, निर्माण व्यवस्थापक-भास्कर तिवारी, हृदय यादव,विक्रम विश्नोई, निर्माण प्रबंधक-राजेश सेन राकेश तिवारी,डी. के. गुप्ता, एम पी सिंह है। ज्ञातव्य हों कि यूपी और बिहार मे गवना का बडा महत्व होता है,शादी के कुछ माह या एक दो साल में जब दुल्हन की दुबारा बिदाई कराकर ससुराल पक्ष द्वारा ले जाया जाता है उसे गवना कहा जाता है। यूपी और बिहार में गवना का बहुत बडा महत्व है, इसी पर इस फिल्म की कहानी आधारित है।

फैशन की दुनिया

लाइफ स्टाइल



बैंगलोर फैशन वीक दुनिया भर के फैशन डिजाइनरों और प्रमुख खरीदारों को करीब लाने और सार्थक चर्चा में सक्षम बनाने में आगे आया है। यह एशिया का सबसे बड़ा फैशन शो है और आभूषण, फैशन और सहायक उपकरण के लिए सबसे अधिक मांग वाला व्यापार मेला है। 2009 से शुरू हुए इस द्विवार्षिक कार्यक्रम में दो लाख तक की भीड़ जुटती है। इसकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है और फैशन की दुनिया में यह एक स्थापित शो बन रहा है। पिछले शो के दौरान कुछ मॉडल इस अंदाज में नजर आईं।

## बालों को घर पर ही प्रोटीन ट्रीटमेंट देने के तरीके जानें

यह बात तो हम सभी को पता कि बाल प्रोटीन से बने हुए होते हैं और यदि बालों में प्रोटीन की कमी हो जाए तो यह बेजान और रूखे होने लग जाते हैं। इतना ही नहीं बालों में प्रोटीन की कमी के कारण और बहुत सारी समस्याएं होने लग जाती हैं। बाजार में आपको बहुत सारे हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट मिल जाएंगे। साथ ही आपको बाजार में बहुत सारे ऐसे प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे, जो बालों में प्रोटीन पहुंचाने का दावा करते हैं। मगर ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ कहती हैं, 'जब तक आपकी फूड हैबिट्स ठीक नहीं होंगी या फिर आप प्रोटीन युक्त आहार नहीं लेंगे, तब आपके बालों तक उचित प्रोटीन नहीं पहुंच पाएगा। इसके साथ ही आपको बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना ही है तो आप घरेलू चीजों से दे सकती हैं। हम अपने सैलून में आने वाले क्लाइंट्स को भी यही सलाह देते हैं और अब तो आपको यह नेचुरल ट्रीटमेंट बड़े-बड़े ब्यूटी सैलून में भी आपको मिल जाएगा।'

पूनम कुछ नेचुरल हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट्स के बारे में बताती भी हैं-



### दूध का हेयर मास्की

1 कप दूध में 1 बड़ा चम्मबच एलोवेरा जेल और 1 बड़ा चम्मच गुलाबजल मिक्सह कर लें। इसके बाद आप इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। 30 से 40 मिनट के लिए मिश्रण को बालों पर लगा रहने दें और फिर आप बालों को वॉश कर लें। हफ्ते में एक बार आपको इस विधि से बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना होगा।

### अंडे का हेयर मास्क

आपके बाल अगर ड्राई हैं तो बालों में अंडे का पीला भाग लगाएं और यदि आपके बाल ऑयली हैं तो आपको अंडे का सफेद भाग बालों में लगाना चाहिए। अंडे में आप दही मिक्स कर सकती हैं। यह भी एक बहुत अच्छा नेचुरल प्रोटीन ट्रीटमेंट साबित हो सकता है। दही का हेयर मास्को दही में नींबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं और 40 मिनट तक बालों में इस मास्क को लगा रहने दें।

### नारियल के दूध का हेयर मास्क

नारियल का दूध भी प्रोटीन का बहुत अच्छा सोर्स होता है। आप इसे भी बालों में लगा सकती हैं। नारियल का दूध आप यदि महीने में एक बार भी बालों में लगाती हैं और 40 मिनट बाद बालों को वॉश कर लेती हैं, तो बाल बहुत सॉफ्ट एवं स्मूथ हो जाते हैं।

### बादाम का तेल

बादाम भी प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। आपको बाजार में बादाम का तेल आसानी से मिल जाएगा। बालों में बादाम के तेल की 10 मिनट मालिश करें और फिर बालों को हॉट टॉवल ट्रीटमेंट दें। इससे तेल बालों में अच्छी तरह से पेनिट्रेट हो जाएगा।

### देसी घी से करें मालिश

बालों के लिए देसी घी भी किसी वरदान से कम नहीं है। आप घी को थोड़ा सा गरम करें और फिर इससे बालों की मसाज करें। यदि आप हफ्ते में दो बार ऐसा करती हैं, तो आपके बालों को बहुत फायदा पहुंचेगा। आपके बाल मजबूत होने के साथ ही बहुत ज्यादा चमकदार भी हो जाएंगे।

## जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लोग करेंगे तारीफ

फैशन





पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।

**सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन :** कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

**वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन :** अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन :** कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जैसे-पैंथर प्रिंट, फ्लोरल प्रिंट, जिक जैक प्रिंट और पोल्का डॉट प्रिंट। इस तरीके के जंपसूट कॉकटेल पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होते हैं। इन्हें आप हैवी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इसके साथ आप बेल्ट, ज्वेलरी और ट्रेंडी हेयर स्टाइल के साथ लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इस बार कॉकटेल पार्टी में इन आउटफिट डिजाइन को ट्राई करें और लुक को परफेक्ट बनाएं। इस तरीके के जंपसूट आपको मार्केट में काफी सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

## एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इसी तरह लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है।

**क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?**

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

**क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?**

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं।



### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?

चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं।

**रैशेज की समस्या को कम कैसे करें :** गर्मी के मौसम में सनबर्न और एलर्जी के कारण रैशेज होने लगते हैं। रैशेज की वजह से खुजली की समस्या होने लगती है। रैशेज होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। बस रैशेज पर लौंग का पानी लगाएं। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करता है।

लौंग का फेस पैक कैसे बनाते हैं?

3 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 1 चम्मच लौंग का पानी 1 चम्मच गुलाब जल मिलाकर फेस पैक बना सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी

अगर आपको पर्ल ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद है तो यहां बताए गए डिजाइन को आप आउटफिट के साथ मैच करके स्टाइल कर सकती हैं।

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

**पर्ल ज्वेलरी सेट :** अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल



जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

**पर्ल इयररिंग्स :** मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

पर्ल ब्रेसलेट

अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको लेयर वाले ब्रेसलेट और सिंगल ब्रेसलेट डिजाइन भी मिलेंगे।

कार्नर न्यूज

## अपने फैशन सेंस को निखारने स्टाइलिश सेलेब्स को फॉलो करें

*हालांकि फैशन के मामले में भी सभी स्टार टॉप पर नहीं होते हैं। कुछ ही सेलिब्रिटी की स्टाइल कमाल की होती है। उनके लुक को देखने वाले कहते हैं-'वाह क्या कमाल की ड्रेस पहनी है और क्या लुक है ब्रो।' हम ऐसे ही कुछ स्टाइलिस्ट एक्टर की बात करने वाले हैं जिनके फैशनेबल फोटो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किए जाते हैं। खासकर, गर्मी के सीजन में हम उनके समर लुक को देखेंगे। शायद उनका लुक हमें स्टाइलिश बनाने के काम आ जाए।*

## समर लुक में चाहिए कुछ हट कर तो स्टाइलिश सेलेब्स को जरूर देखें



### सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत ऐसे एक्टर हैं जो कम समय में लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। उनको काफी पसंद किया जाता है। सिद्धांत चतुर्वेदी फिल्म गली बॉय के साथ चर्चा में आए। अगर फैशन सेंस की बात करें तो सिद्धांत चतुर्वेदी उसमें टॉप पर हैं। अगर आप इनके फोटो को देखें तो ये आपके लिए गर्मी में बेस्ट है। जो लोग घर पर रह रहे हैं वे लोग सिद्धांत के फैशन को फॉलो कर सकते हैं। उनकी स्टाइल सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव है। सिद्धांत को इंस्टाग्राम पर 1.6 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

### वरुण धवन

एक्टर वरुण धवन लंबे समय से अपने फैशन-स्टाइल को बरकरार रखे हुए हैं। अगर समर लुक की बात करें तो उनकी सिंपल ड्रेसिंग लाजवाब होती है। यही कारण है कि वरुण की फैन फॉलोइंग काफी है। इसलिए उनको अधिकतर लोग पसंद करते हैं। अगर हम फिल्मों की बात करें तो वरुण धवन उतने पसंद नहीं किए जाते हैं।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा



एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी खुद को फैशन के मामले में आगे रखते हैं। अगर आप समर लुक की बात करते हैं तो वह बगैर सनग्लास के पूरी नहीं हो सकती। इसलिए परफेक्ट समर लुक के लिए सनग्लास पहनना न भूलें। यह बात आप सिद्धार्थ मल्होत्रा से सीख सकते हैं। इसलिए अब आपको भी अपने लिए एक सनग्लास ले लेना चाहिए।

### एक्टर सनी सिंह

नए दौर के स्टाइलिश एक्टर्स की बात करें तो उसमें एक्टर सनी सिंह भी शामिल हैं। सनी सिंह की हेयरस्टाइल और उनके स्नीकर्स युवाओं को काफी पसंद आते हैं। इसके अलावा उनका ड्रेस सिलेक्शन भी कमाल का है। निर्देशक लव रंजन की फिल्म 'प्यार का पंचनामा' के साथ सनी चर्चा में आए। इस मूवी में उनके किरदार को पसंद किया गया था। अब उनकी स्टाइल-फैशन को भी युवा पसंद करते हैं। गर्मी के मौसम के लिए बेहतर शर्ट की तलाश में हैं तो ऊपर वाली शर्ट के बारे में आपका क्या ख्याल है। एक बार इसको खरीदने के बारे में सोच सकते हैं।

13 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 6/13/2024 9:21 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क नीट परीक्षा आयोजित करने की मांग, भेजा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन की संभाग स्तरीय बैठक बुधवार को हुई जिसमें सरगुजा, बलरामपुर, जशपुर, सूरजपुर के जिला प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर राष्ट्रपति के नाम हस्ताक्षरित ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में नीट परीक्षा 2024 में की गयी धांधली के दोषी अधिकारियों को उचित दण्ड देने एवं यथा शीघ्र पुनः निःशुल्क नीट परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई है। इस दौरान मानसाय भगत, अनिल द्विवेदी, धीरेन्द्र, लालसाय, आनंद साय, सलीम खान, जवाहर, डेविड, संतोष मुंडा, शीतल उंराव उपस्थित थे।

### 30 दिवसीय चालक प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अम्बिकापुर।** सेन्ट आरसेटी में 30 दिवसीय चालक आवासीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को एसडीएम खगेश सिन्हा एवं रवि राही के आतिथ्य एवं सेन्ट्रल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रणधीर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम श्री सिन्हा ने प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी और ड्राइविंग क्षेत्र में अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। एसडीएम श्री राही ने प्रशिक्षणार्थियों को बड़ी सोच के साथ कुछ नया कार्य करने एवं स्वरोजगार के माध्यम से नये समाज का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय प्रमुख श्री सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को वाहन ऋण की जानकारी प्रदान की। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता आरसेटी के डायरेक्टर श्याम गुप्ता, विरेन्द्र अम्बष्ट, तमन्ना निषा, अकांक्षा जायसवाल, रिजवान अहमद एवं प्रशिक्षक कृष्णा प्रजापति उपस्थित थे।

### लावारिस वाहनों की दावा आपत्ति के लिए दिया 15 दिवस का समय

**अंबिकापुर।** अनुविभागीय अधिकारी अंबिकापुर ने बताया कि थाना अम्बिकापुर अंतर्गत कुल 164 दुपहिया वाहन, थाना गांधीनगर अंतर्गत कुल 220 दुपहिया वाहन, थाना दरिमा अंतर्गत कुल 11 दुपहिया वाहन, थाना मणीपुर के अंतर्गत कुल 65 दुपहिया लावारिस हालत में मिले हैं। वहीं अनुविभागीय अधिकारी धौरपुर ने बताया कि थाना धौरपुर अंतर्गत कुल 8 दुपहिया वाहन एवं 4 सायकल लावारिस हाल में मिलें हैं। इन वाहनों के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति के नाम से पंजीकृत हो तो वाहन स्वामी अपने रजिस्ट्रेशन पत्रक के साथ न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंबिकापुर एवं न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी धौरपुर में कार्यालयीन समय में आकर 15 दिवस के भीतर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वाहनों के मालिकाना हक से संबंधित किसी प्रकार की दावा आपत्ति नहीं पाए जाने की स्थिति में एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### फल गोदाम के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** नमनाकला खटिकपारा निवासी राहुल सोनकर आ. दिनेश सोनकर (26 वर्ष) गत बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवी 3961 से अपने फल गोदाम रेनसेंस स्कूल गली में आया था। युवक बाइक को गोदाम के सामने खड़ा कर अंदर काम करने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## साल भर पूर्व छत पर लगाए गए शेड आंधी में उड़ा

# मरम्मत के अभाव में बीईओ कार्यालय भवन हुआ जर्जर, लंबे समय से नहीं हुआ सुधार



जर्जर बीईओ कार्यालय भवन।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम**

सरकार द्वारा पुरानी एवं जर्जर शासकीय कार्यालयों को मरम्मत, रंग रोगन कर चकाचक कर नये व आधुनिक स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि विकासखंड बतौली स्थित बीईओ कार्यालय भवन की हालत न सिर्फ दयनीय हो गई है बल्कि मरम्मत के अभाव में भवन जर्जर हो गई। ऐसा नहीं है कि भवन के जर्जर हो जाने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं होने से बीईओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी जर्जर भवन में कार्य काम करने को मजबूर है। इधर बारिश के मौसम काफी करीब होने से अब कर्मचारियों को जर्जर भवन को लेकर चिंता सताने लगी है। विकासखंड शिक्षा कार्यालय भवन काफी पुरानी हो चुकी है। वर्षों पुराने भवन के समय समय पर मरम्मत नहीं होने से अब खंडहर में तब्दील हो गया है। ठंड व गर्मी के मौसम में किसी तरह कर्मचारी विभागीय कामकाज करते है लेकिन बरसात के दिनों में भवन में सीपेज होने के कारण अधिकारी समेत कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। बीईओ कार्यालय के इस जर्जर भवन में चार कमरों सहित एक बरामदा है जहां अधिकारी समेत कर्मचारी विभागीय कार्य करते है। भवन के जर्जर तथा छोटा होने से पूर्व में नए भवन की मांग की गई थी। परंतु भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण आज भी जर्जर भवन में ही बीईओ कार्यालय संचालित है। भवन के सिलिंग के प्लास्टर अपने आप ही उखड़ कर गिरते है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में अब बीईओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को जर्जर भवन को लेकर चिंता सताने लगी है। समय पर भवन की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले बरसात में कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- आज तक नहीं हुई मरम्मत, अधिकारी - कर्मचारियों की बढ़ी परेशानी

### बरसात में होती है परेशान

बीईओ कार्यालय भवन काफी पुरानी है और मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गई है। छत के प्लास्टर के उखड़ कर गिरने लगे है तो वहीं हर बरसात के मौसम में छत से पानी का रिसाव होता है जिससे पानी पूरे कक्ष में भर जाता है जिससे दस्तावेज खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। इधर कर्मचारियों को भी बारिश के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### आंधी में उड़ा छत का शेड

भवन में सीपेज होने तथा कर्मचारियों को हो रही परेशानी के मद्देनजर साल भर पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा 6.30 लाख की लागत से छत पर शेड का निर्माण कराया था। छत पर सेड बन जाने के बाद काफी हद तक सीपेज की समस्या कम हो गई थी और बीईओ कार्यालय के अधिकारी सहित कर्मचारियों को छत से पानी रिवास से काफी राहत मिली थी। परंतु पिछले वर्ष आंधी तूफान में सेड न सिर्फ क्षतिग्रस्त हो गया बल्कि तेज हवा में उड़ गया। छत के सेड क्षतिग्रस्त हुए साल भर होने को है लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में अब भवन की हालत पूर्व की भांति हो गई है।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

शिक्षा विभाग भवन की कमी से जूझ रहा है। बीईओ कार्यालय भवन के जर्जर हो जाने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जर्जर भवन में विभागीय कार्य करने में सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

-**शरदचंद मेषपाल**, विकासखंड शिक्षा अधिकारी



# एसईसीएल के सब स्टेशन से चोरों ने पार किया केबल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव**

एसईसीएल क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात पुनः चोरों ने एसईसीएल भटगांव के सब स्टेशन से कॉपर तार की चोरी की है। चोरी के बाद एसईसीएल की कालोनियों में विद्युत सप्लाई ठप होने से अंधेरा पसर गया जबकि सुबह लोगों को भीषण गर्मी व पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। बताया जा रहा है कि बीती रात चोरों ने एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के सब स्टेशन से कॉपर तार की चोरी की है। चोरों ने सब स्टेशन का ताला तोड़कर केबल काटकर ले गए। तार चोरी होने से भटगांव क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद हो गई और आज सुबह लोगों के घरों में पानी सप्लाई नहीं हो पाई।लोगों का कहना है कि पुलिस चोरों की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है और उनके हौसले बुलंद होते जा रहे है। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में विगत कई दिनों से चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। चोर बसों व छोटे वाहनों से लगातार डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है जबकि बसों व अन्य वाहनों के बैटरी व अन्य सामानों की भी चोरी की जा रही है। वहीं अब चोर सब स्टेशन के तार चोरी करने लगे है। चोरों ने सब स्टेशन की केबल चोरी की है जबकि खदानों से कोयला चोरी करने और अन्य सामानों चोरी लगातार जारी है। इस चोरी में एसईसीएल सुरक्षाकर्मियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में आ गई है। इस संबंध में एसईसीएल भटगांव के उप क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है और थाने में भी इस मामले की शिकायत दी गई है। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर भी विभागीय जांच बैठाकर कार्रवाई की जा रही है।

- रातभर अंधेरे में कालोनी, भीषण गर्मी व पानी की समस्या से परेशान रहे लोग

# आमगांव परियोजना से प्रभावित 19 भूमिस्वामियों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खुली खदान परियोजना से प्रभावित 19 परिवारों के सदस्यों को प्रबंधन ने रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र बांटा है।क्षेत्रीय विश्राम गृह में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ,महाप्रबंधक संचालन डॉ संजय सिंह की उपस्थिति में प्रभावित परिवार के सदस्यों को नियुक्ति पत्र का वितरण विधायक के हाथों कराया गया।बता दें कि आमगांव खदान हेतु ग्राम पटना की कुल अधिग्रहित निजी भूमि 928.923 एकड़ का कंपनी ने अधिग्रहण किया है, इसमें से 285 खातेदार में 464 ग्रामीणों को रोजगार दिया जाना निर्धारित है। उक्त मामले में अब तक 77 प्रकरणों में 76 रोजगार ग्रामीणों को दिए जा चुके है जबकि एक भू स्वामी ने रोजगार के एवज में एकमुश्त राशि प्राप्त कर ली है ,70 ग्रामीणों ने नौकरी ज्वाइन भी कर ली है।बताया गया कि 16 रोजगार के प्रकरणों का चिकित्सा परीक्षण पूर्ण होने पर नियुक्ति पत्र दिए जाने की कार्यवाही चल रही है,शेष प्रकरणों में कागजी कार्यवाही जारी है।मंगलवार को जिन भू स्वामियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है उनमें गोवर्धन सिंह पिता बुधराम,पुष्पराज सिंह पिता बुधराम सिंह,हरकेश कुमार पिता जगनारायण, समपुरन सिंह पिता जगरनाथ सिंह,दिलीप कुमार पेंदरो पिता पदूम साय, गोविंद सिंह पिता किशुन सिंह, गणेश्वर दास पिता सुखल दास,गोविंद राम प्रजापति पिता ननक साय,विजेंद्र कुमार साहू पिता रामकुमार साहू,चलित्तर सिंह पिता पारस नाथ का पुत्र,अवधेश प्रताप सिंह पिता श्याम लाल सिंह, बिफइया बाई पिता अमरनाथ सिंह,रविंद्र कुमार सिंह पिता जयराम सिंह,अनंत कुमार जायसवाल पिता गीता प्रसाद जायसवाल,विजयनाथ सिंह पिता सुरदयाल,जलंधर सिंह पिता छत्रपाल,शिवलेश्वर पिता रामदेव, सैनाथ पिता मोहन राम,श्यामलाल पिता देवराम के नाम शामिल हैं।



आरटीआई कालोनी में स्थित भगवान जगन्नाथ का मंदिर।

# महाप्रभु जगन्नाथ की 7 जुलाई को निकाली जाएगी रथ यात्रा

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कल समाज द्वारा 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गौरतलब है कि नगर में पिछले आठ वर्षों से लगातार रथ यात्रा निकाली जाती है। इसी तारतम्य में उत्कल समाज द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को लेकर 22 जून को देव स्नान पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ जी के अस्वस्थ्य होने पर उनका उपचार शुरू किया जाएगा। इसके पश्चात 6 जुलाई को नेत्र उत्सव नव योवन, 7 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ जी की नगर में भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए आरटीआई कालोनी में स्थित दिव्य ज्ञान मां सरस्वती मंदिर में उनके मौसी के घर ले जाया जाएगा। 11 जुलाई को महालक्ष्मी यात्रा, 15 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ जी को मौसी के घर से वापस जगन्नाथ मंदिर में लाने हेतु बाहुडा यात्रा निकाली जाएगी। 16 जुलाई को शोंडवेश फलाहार, 17 जुलाई को एकादशी, 18 जुलाई को अधरपड़ा शरबत भोज, 19 जुलाई को नीलाद्री विजय, सिंहासन विराजमान, 56 भोग अर्पित करके वार्षिक उत्सव का आयोजन संपन्न कराया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ जी के विविध अनुष्ठान में अधिकाधिक भक्तों से शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने आह्वान किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202406020700063**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः-2023-2024

हर्राटिकरा प.ह.न. 00024 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-मनोज कुमार गुप्ता, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक मनोज कुमार गुप्ता आ. पृथ्वीनाथ साव व अन्य, निवासी माया वूमेंस हॉस्टल के सामने, नमनाकला, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश कर बताया गया है कि आवेदकगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम हर्राटिकरा स्थित खसरा नंबर 6/127 रकबा 0.080 हे. भूमि के नक्शा में त्रुटि है। नक्शा के अनुसार रकबा कम है तथा नक्शा में खसरा नंबर अंकित नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12.07.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नही रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते हैं एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550

माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ... डॉ सिध्दार्थ कुमार MBBS,MS (Ortho), DNB (Ortho)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छ ग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक... डॉ गौरी शंकर सिंह MD, ( Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ.. डॉ करण सराफ MD, ( Medicin ), DM (Nephrology)
छ ग के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ.. डॉ विकास अग्रवाल MBBS,DrNB,PDF,FMAS,FISCP,MNAMS
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ सुशांत MBBS, MD (General Medicine) DNB Neurology
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
16 जून 2024 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

सरगुजा मार्केट

# युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। लखनपुर पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत जयपुर निवासी युवक नंदकेश्वर से युवती की पहचान हुई थी और दोनों के बीच मोबाइल फोन पर बात होती थी। इस दौरान 24 अक्टूबर को आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया लेकिन जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी युवक ने शादी करने से मना कर दिया।

ऐसे में युवती द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद मामले में पुलिस द्वारा जांच उपरान्त लखनपुर जयपुर 19 वर्षीय नंदकेश्वर पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को धारा 376 (2-एन ), 450 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक एलआर चौहान, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र जांगड़े, आरक्षक राजेंद्र प्रसाद, बन्दे केरकेट्टा शामिल रहे।

TOP IN SURGUJA

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक – 23 जून 2024 रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.दीपक अग्रवाल
हड्डी रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी प्रकार के जोड़ों से सम्बंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनाँक - 16 जून 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्नियां
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 13 जून 2024 दिन - गुरूवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (OPD) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पूरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
• पेशाब में खून आना
गायत्री हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ.करण सराफ
MBBS, MD MEDICINE, DM (NEPHROLOGYO
CUNSULTTANT NEPHROLOGIST & TRANSPLANT PHYSICIAN
दिनांक - 16 जून 2024
समयः दोपहर 2:00 बजे से सायं 4 बजे तक
तीसरे रविवार को उपलब्ध
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D)
822588500 (Hospital)
7240802000
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

13 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 6/13/2024 10:08 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रेणुका नदी तट पर गंगा दशहरा के अवसर पर होगा भव्य दीपदान

**बिश्रामपुर।** नगर के समीप स्थित रेणुका नदी के तट पर गंगा दशहरा के अवसर पर विविध अनुष्ठान करके भव्य दीपदान का आयोजन किया जाएगा। दर असल तत्पर एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी बिश्रामपुर के तत्वाधान में आगामी 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत कुरवाँ में रेणुका नदी के तट पर धार्मिक अनुष्ठान, भव्य गंगा आरती, दीपदान, रामनाम के अनवरत पाठ व भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष आलोक उपाध्याय ने बताया कि उक्त अनुष्ठान रेणुका नदी के तट पर वर्ष 2018 से संपन्न कराया जा रहा है। गंगा दशहरा के अवसर पर यहां आयोजित अनुष्ठान में अधिकाधिक भक्तों से शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने आह्वान किया गया है। नगर के मां गायत्री शक्तिपीठ में भी रविवार को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के अवसर पर 15 जून शनिवार को प्रातः 7 बजे से 24 घण्टे का अखण्ड जाप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही 16 जून की सुबह 8 बजे से हवन-यज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात संध्या बेला में 6 बजे से महा दीपयज्ञ के 11 हजार दीपक प्रज्वलित किए जायेंगे।

### चार गांवों के हितग्राही कर रहे मछली उत्पादन



**वाड्रफनगर।** उद्योगिनी संस्था रामानुजगंज ब्लॉक के 35 गांवों में आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। संस्था समूहों के माध्यम से मुर्गी पालन, बकरी पालन, मचान खेती, वर्मी खाद उत्पादन करा रही है। संस्था द्वारा किसानों को कम लागत एवं कम मेंहनत में अधिक उत्पादन वाले उन्नत किस्म का मछली बीज दिया गया था ताकि हितग्राही अपने तालाब का सदुपयोग कर अधिक लाभ उठा सके। ओरेकल प्रोजेक्ट अंतर्गत संस्था ने ग्राम कंचननगर, कृष्णनगर, कमलपुर एवं ताम्रेश्वरनगर के 65 किसानों को प्रशिक्षण उपरांत रोहू, कतला, मृगल एवं कमनकार प्रजाति का मछली बीज उपलब्ध कराया गया था। हीतग्राही प्रमिला झील, गौरी चटर्जी, मोनिना मंडल, अनिमा झील और अर्चना मंडल ने अपने तालाब से 78 किलों मछली उत्पादन कर 200 प्रति किलो की दर से बेचा है। अन्य हितग्राही भी मछली हार्वेस्टिंग कर रहे हैं।

### जिले के ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है राजस्व शिविर

**सूरजपुर।** जिले के समस्त ग्राम पंचायत में राजस्व शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजस्व शिविर में नोडल अधिकारी एवं हल्का पटवारी नियुक्त कर राजस्व प्रकरण के त्वरित निराकरण के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। विशेष रूप से राजस्व के अविवादित प्रकरणों को टारगेट किया जा रहा है, जिनका निराकरण एक निश्चित समय सीमा या मौके पर किया जा सके। चिन्हित ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में अधिकतर स्थानों पर दो पाली में शिविर लगाए जा रहे हैं। राजस्व संबंधी कार्यो के त्वरित निराकरण को दृष्टिगत रखते हुए तहसील ओड़गी, बिहारपुर, भटगांव, भैयाथान, प्रतापपुर, लटोरी, प्रेमनगर, रामानुजनगर के ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर कार्यक्रम समय सारणी अनुरूप आयोजित किया जाएगा। आसपास के क्षेत्रवासी इन शिविर का लाभ ज्यादा से ज्यादा ले सके इसके लिए लोकल स्तर पर इसकी मुनादी भी कराई जा रही है।

### चोरी की नियत से एटीएम में तोड़फोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लुंड्रा पीएचसी के सामने मौजूद एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी की नियत से एटीएम मशीन में तोड़फोड़ की लेकिन वे अपने मंसूबों में कामियाब नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि लुंड्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सेंट्रल बैंक का एटीएम मशीन लगा हुआ है। उक्त एटीएम मशीन में 12 जून को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की नियत से तोड़फोड़ की गई थी जिसके शिकायत राकेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा एटीएम मशीन कक्ष में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर ग्राम ससौली निवासी 19 वर्षीय महेश्वर उर्फ लकडू व एक अन्य नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने चोरी की नियत से गईता से तोड़फोड़ करने की बात स्वीकार की जिसपर पुलिस आरोपी युवक व नाबालिग को धारा 457, 380, 511, 427, 34 के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एआरओपी को जेल भेजने के साथ ही नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुन्ड्रा एसआई शिशिरकान्त सिंह, सउनि रामकरण राजवाड़े, आरक्षक निरंजन बड़ा, वीरेंद्र खलखो, बालकेश्वर पैकरा, कपील देव टोप्पो, जगेश्वर तिर्की शामिल रहे।

## पेज 1 के शेष...

### मेडिकल कॉलेज की...

भूमि में से 15 डिसमिल भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण किया गया था। इतना ही नहीं शासकीय बोरिंग, बरगद के पेड़ को भी बाउंड्री वाल कर कब्जा किया गया था। शासकीय बोरिंग में सबमर्सिबल पंप लगाया गया था लेकिन कार्रवाई के दौरान वहां कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। ऐसे में निगम द्वारा एसीएम की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर सभी घरों के ताले तोड़े गए और जांच के बाद एक साथ चार घरों को बुलडोजर चलाकर जमीदोज कर दिया गया। टीम द्वारा गंगापुर नाला पारा 1 से तीन घर व तीन बाउंड्रीवाल को तोडा गया व सबमर्सिबल पंप को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी प्रदीप पैकरा, भवन शाखा प्रभारी विवेक सैनी, उड़न दस्ता टीम से रविंद्र लाल, अखिलेश पांडेय, चन्दन यादव, राजीव सिंह आदि मौजूद थे।

## रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए स्थानीय लोगों को जोड़ेगा विभाग

# वन विभाग अभियान चलाकर करेगा दो लाख पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग इस साल भी वृहद पैमाने पर पौधरोपण करने अभियान चलाएगा। विभाग ने विभिन्न प्रजाति के 2 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। रोपे गए पौधों की सुरक्षा को लेकर विभाग ने अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया। पौधरोपण के लिए पौधों का चयन करने के दौरान स्थानीय जरूरतों का भी ध्यान रखा जाएगा ताकि लोग स्वाभाविक रूप से पौधों से जुड़े रहें तथा उसका ख्याल रखें।

**खास बात**

- विलुप्त प्रजतियों के साथ बड़ पीपल के के रोपण पर जोर

वन विभाग हर साल बरसात में विभिन्न प्रजाति के पौधों को रोपित करने की औपचारिकता करता है। देख-रेख के अभाव में कुछ समय बाद ही पौधे गायब हो जाते हैं। वन क्षेत्र के खाली भूमि में भी विभाग बड़े पैमाने पर पौधरोपण करता है जिसका नामोनिशान तक दिखाई नहीं देता। वास्तव में विभाग का पौधरोपण अभियान खानापूर्ति मात्र बनकर रह गया है। पौधरोपण अभियान खानापूर्ति तक न सिमटा रहे इसलिए विभाग ने इस बार अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया है साथ ही रोपणी का नामकरण देवगुड़ी एवं देवी-देवताओं के नाम पर करने का निर्णय लिया है। वन अधिकारियों का मनना है कि ग्रामीणों का देवगुड़ी एवं देवी-देवताओं से काफी लगाव होता है। रोपणी को धर्म से जोड़ने पर ग्रामीण पौधों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा किसी भी हाल में पौधों को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। विभाग ने हर प्लाटेशन में प्रमुखता के साथ बड़, पीपल सहित फाइकस प्रजाति के पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया है। धार्मिक मान्यताओं के कारण लोग वैसे भी बड़ूर पीपल एवं पाकड़ के पौधों को कोई भी क्षति नहीं पहुंचाता। विभाग ने इस बार कलम विधि से बड़ी संख्या में बड़, पीपल के बड़े-बड़े पौधों को तैयार किया है जिन्हें वर्षा होने के बाद अलग-अलग स्थानों पर रोपित किया जाएगा। पौधों की सुरक्षा के लिए विभाग ग्रामीणों को बिगड़ते पर्यावरण की जानकारी देकर पेड-पौधों की भूमिका से अवगत कराएगा। स्थानीय लोगों की सक्रिय भूमिका के बिना केवल वन अमले के दम पर पौधों की सुरक्षा संभव नहीं है इसलिए वन अधिकारियों ने अभियान से क्षेत्र के लोगों को भी जोड़ने का निर्णय लिया है।



वन विभाग के नर्सिरी में तैयार पौधे।

#### स्कूल-कॉलेज एवं मंदिर परिसर में होगा पौधरोपण

वन अधिकारियों ने स्कूल-कॉलेज एवं मंदिर परिसर की खाली भूमि मं भी पौधरोपण करने का निर्णय लिया है। स्कूल-कॉलेज परिसर में फलदार व फूलदार पौधे जबकि मंदिरों में बड़ एवं पीपल के पौधों का रोपण किया जाएगा। स्कूल-कॉलेज परिसर में फलदार पौधों के साथ नीम, गुलमोहर, अशोक आदि के छायादार पौधे रोपित किए जाएंगे। बड़े होने पर इनसे फल के साथ ही बच्चों को छाया मिलेगी।

#### स्थानीय जरूरतों पर ध्यान

वन क्षेत्र में विभाग ग्रामीणों की जरूरतों का ध्यान रखकर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करेगा। वन क्षेत्र में विभाग विनाश की कगार पर पहुंच कुल्लु, समुदाय, बीजा, शीशम के साथ ही बड़ी संख्या में सागौन, महुआ एवं बांस का रोपण करेगा। महुआ से ग्रामीणों को आर्थिक लाभ होगा। कुल्लु पेड़ से निकले गोंद का उपयोग खाद्य एवं कन्फेक्शरी उद्योग में होता है। यह चट्टानी भूमि में भी जीवित रहता है। इसी तरह ग्रामीणों के लिए अर्थोपार्जन के उपयुक्त अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा।

#### ग्रोथ हार्मोन का होगा उपयोग

पौधरोपण के रौदान गोबर खाद के साथ ही ग्रोथ हार्मोन हाइड्रोजिल का उपयोग किया जाएगा ताकि पौधे जल्द विकसित हों। हाइड्रोजित पानी को खोता है वहीं गोबर खाद पानी खोने के साथ मिट्टी को मुलायम कर उर्वरा क्षमता को बढ़ाता है। इनके उपयोग से पानी कमी होने पर भी पौधे आधिक समय तक जिंदा रहेगे।

#### चल रही तैयारियां

विभाग द्वारा वर्षाकाल में 2 लाख पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की तैयारियां की जा रही है। पौधरोपण के लिए विनाश की कगार पर पहुंचे प्रजातियों के साथ ही बड़, पीपल एवं स्थानीय जरूरतों के अनुकूल किस्मों के पौधे तैयार किए गए हैं।

-**तेजश शेखर**, डीएफओ, सरगुजा



## अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

बतौली स्थित बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने व राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे अवैध अतिक्रमण को आज प्रशासन और पुलिस की उपस्थिति में जेसीबी से ढहा दिया गया।

- अधिकारी रहे मौके पर मौजूद

गौरतलब है कि ग्राम कुनकुरी निवासी वीरेंद्र सिंह द्वारा अवैध रूप से किराया में देने कॉपलेक्स निर्माण बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने खाली पड़े भूमि पर किया जा रहा था। 6 रूम बनकर तैयार हो गया था जिसको देखकर बाकी खाली भूमि पर ग्राम सिलमा निवासी बुद्धसागर पैकरा द्वारा 6 रूम का निर्माण किया जा रहा था जिनके पूर्वज वर्षों पूर्व 12 एकड़ 84 डिसमिल जमीन स्कूल के नाम पर दान दिया गया था। इधर अवैध अतिक्रमण मामला संज्ञान में आते ही सीतापुर अनुविभागीय अधिकारी रवि राही द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया। जांच उपरांत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वह राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से सटे खाली पड़े शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करते हुए कांप्लेक्स निर्माण करते पाया गया। जिस पर प्रशासन की टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने वीरेंद्र सिंह को 10 जून तक निर्देशित किया गया था जिसे निश्चित समय तक नहीं हटाया गया जिस पर पुलिस और प्रशासन टीम द्वारा मौके पर उपस्थित होकर अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। इस दौरान सीतापुर एसडीएम रवि राही, तहसीलदार तारा सिदार, बतौली थाना प्रभारी चंद्र प्रताप तिवारी सहित पुलिस टीम उपस्थित थे।

## मीसाबंदी वह पीढ़ी, जो देश की दूसरी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विश्राम भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने कहा भूपेश सरकार ने मीसा बंदियों की सम्मान निधि वर्ष 2019 में बंद कर दी थी जिसे विषणुदेव साय सरकार ने दोबारा देने की घोषणा की। मीसाबंदियों के श्राप के कारण ही भूपेश सरकार का पतन हुआ है। पेंशन बंद होने के बाद से मीसाबंदियों ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार से पेंशन शुरू किए जाने की मांग कई बार की, लेकिन सरकार ने इसे दोबारा शुरू नहीं किया। छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री श्री साय ने विधिवत घोषणा कर 5 वर्ष की बाकी सम्मान निधि को एक मुश्त दिया। उन्होंने कहा कि मीसा बंदी वह पीढ़ी है जो देश की दूसरी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। हम उन परिवारों को संगठित करने का काम कर रहे हैं तथा प्रदेश में हर जगह जाकर लोगों से मिल रहे हैं। उन्होंने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा कि आपातकाल की घोषणा कर सभी के अधिकारों की आजादी छीन ली गई थी। 25 जून की रात्रि में मीसा कानून लागू किया गया था जिसके तहत 21 महीने तक कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। हम उस दिन को काला दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस पीढ़ी ने देश की दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ी उनके जीवन को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, द्वारिका जायसवाल, हरमिंदर सिंह टिन्नी, संतोष दास आदि मौजूद थे।

### बाइक सहित युवक गिरा सड़क किनारे गड्ढे में, मौत

**लहपटरा।** एनएच 130 पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना से लोग परेशान है। आधा अधूरा निर्माण कार्य अब राहगीरों के लिए जानलेवा साबित होने लगा है। बीती रात भी लखनपुर की ओर से शहर आ रहा बाइक सवार एनएच 130 किनारे खोदे गए गड्ढे में गिर गया जिससे युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार केदारपुर निवासी तपस कुमार बहुरा आ. स्व. उमेश चंद बेहुरा (35 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में लखनपुर की ओर गया था। रात लगभग 9 बजे बाइक से घर लौट रहा था तभी एनएच 130 किनारे खोदे गए गड्ढे में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



## पहला पीवीटीजी पीएम आवास शंकरगढ़ क्षेत्र में पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर/कुसमी

पीएम जनमन योजना के तहत क्षेत्र में पीएम आवासों के निर्माण का कार्य अब लगभग पूर्ति की और है। शंकरगढ़ विकासखंड में 6225 आवास का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है जबकि शेष आवासों में भी निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम जनमन योजना के तहत कलेक्टर रिमीजीयुस एक्का एवं जिपं सीईओ रैना जमील के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शंकरगढ़ संजय दुबे, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) श्रीमती प्रीति प्रियंका लकड़ा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत शंकरगढ़ अंतर्गत प्रधानमन्त्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 6513 आवास में से 6225 आवास पूर्ण कर लिया गया है एवं पीवीटीजी पीएम आवास के तहत स्वीकृत 437 में 1 आवास पूर्ण किया गया है। ग्राम पंचायत हरगांव के ढोढरी खाला जनपद पंचायत शंकरगढ़ का प्रथम जनमन प्रधानमंत्री आवास पीवीटीजी हितग्राही भूखना आ. देसिया का आवास पूर्ण हो चुका है। हितग्राही को नव निर्मित पीएम आवास में गृह प्रवेश सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा द्वारा कराया गया इसके साथ ही विधायक ने प्रधान मंत्री आवास एवं पीवीटीजी आवास के हितग्राहियों से बरसात से पूर्व जल्द ही अपना आवास पूर्ण करने का आह्वान किया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरगढ़ जनपद परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप, सरपंच अवधेश पैकरा, विकासखंड समन्वयक लिविंग कुजूर, प्रभाति एक्का, सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

- विधायक ने कराया गृह प्रवेश

### जिला स्तरीय संकुल शैक्षिक समन्वयकों की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल एवं जिला मिशन समन्वयक शशिकान्त सिंह द्वारा जिला स्तरीय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, विकासखण्ड स्त्रोत व्यक्ति समावेशी शिक्षा एवं जिले के समस्त 241 संकुल शैक्षिक समन्वयकों के उपस्थिति में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शैक्षिक सत्र 2024-25 में शाला प्रवेश उत्सव मनाने की आवश्यक तैयारी के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही शाला भवन,परिसर की सफाई,रंग-रोगन,मरम्मत, पाठ्यपुस्तक वितरण एवं गणवेश वितरण, यु-डाईस डाटा के सत्यापन, एसएमसी,एसएमडीसी बैठक एवं पालक शिक्षक बैठक का आयोजन, पीएम योजना के तहत संचालित विद्यालयों के संचालन, विद्या समीक्षा केन्द्र के संचालन, प्रशिक्षण कार्यक्रम/एफएलएन प्रशिक्षण, पौधरोपण हेतु आवश्यक तैयारी, बालवाड़ी में प्रवेश हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धि, न्योता भोज हेतु आवश्यक तैयारी, शाला त्यागी बच्चों की जानकारी एवं उन्हें मुख्यधारा से जोड़ते हुए शाला प्रवेश के संबंध में तथा समावेशी शिक्षा अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का अतिशीघ्र चिन्हांकन किया जाकर उनके शाला प्रवेश कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। शाला प्रवेश से पूर्व उपरोक्त समस्त विषयों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक उपरान्त समीक्षा बैठक के विषयों को सभी विकास खंडों के संकुल समन्वयकों से फीडबैक लिया गया।

## सोलर टंकी का टूटा पाइप, खुले में बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत दवनकरा के प्राथमिक शाला दर्रीपारा स्थित सोलर टंकी का लोहे का पाइप टूट गया है जिसके हजारों लीटर पानी बह जा रहा है। इस चिलचिलाती धूप में जहां लोग पानी के एक एक बून्द के लिए तरस रहे हैं। ग्राम पंचायत दवनकरा के दर्रीपारा में कई वर्षो से ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है। बावजूद इसके आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में सुबह शाम पानी भरने के लिए महिलाएं, बच्चे लाइन लगाए खड़े रहते है इसके बाद भी पानी नही मिल पाता है। पानी बाहर में बहने से पाइप लाइन में कम पानी आता है जिससे लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

- पेयजल को लेकर ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

एक ओर जहां नल जल योजना से हर घर नल से स्वच्छ जल देने की शासन स्तर पर योजना चलाई जा रही है। लेकिन मेंटेनेंस व रखरखाव ठीक से न होने के कारण इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या बढ़ गई है जिससे दर्रीपारा के लोग काफी परेशान हैं। शासन स्तर से ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त मात्रा में राशि उपलब्ध होती है इस प्रकार के छोटे मोटा कार्य के सुधार कार्य किए जाते है। जनपद पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र के समस्त विकासखंड के ग्राम पंचायत में लगे हुए सोलर पंप क्रेडा के माध्यम से लगा था। लगभग तीन लाख के लागत से सोलर पंप लगाई गई है जो लगने के साथ में कई प्रकार की ग्रामीण क्षेत्र से शिकायत आना प्रारंभ हो गया था। ग्रामीणों की माने तो चिल्लाती गर्मी में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है। वही पाइप फट जाने के कारण तथा निरंतर इसकी देखरेख नहीं होने से रिपेयरिंग कार्य नहीं होने से रोजाना कई लीटर पानी वह जा रहा है और पीने का पानी के लिए लोगों को किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने क्रीडा विभाग वह ठेकेदार के विरूद्ध जांच कर कार्रवाई करने तथा पाइप की मरम्मत किए जाने की मांग की है। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीर्झा ने बताया कि मामला को तत्काल मैं खुद देख कर क्रेडा विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों से संपर्क करता हूं। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव से जानकारी लेता हूं। जहां-जहां इस तरह की समस्या है वहां जांच कराकर पेयजल की समस्या को दूर किया जाएगा।



**जब्त किए गए तीन टन कोयला की कीमत बीस हजार रुपए बताई गई**

## अमेरा खदान से चोरी का कोयला लोड कर भाग रहे वाहन चालक को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत अमेरा खदान से बीती रात चोरी का कोयला पिकअप वाहन में लोडकर भाग रहे चालक को सुरक्षा कर्मियों द्वारा पीछा करते हुए बिश्रामपुर बस स्टैंड के समीप पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि बीती रात बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलासपुर निवासी 32 वर्षीय चालक प्रदीप विश्वकर्मा पिता लक्ष्मण विश्वकर्मा एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत अमेरा खदान से चोरी के संग्रहित कोयला को पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 एके 0803 में लोड कर भाग रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर एसईसीएल कम्पनी के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण द्वारा गश्त के दौरान दलबल के साथ पीछा करते हुए करते हुए घेराबंदी करके बस स्टैंड बिश्रामपुर के पास वाहन को रुकवाकर पकड़ा। वाहन चालक से पूछताछ के दौरान उक्त वाहन के स्वामी की जानकारी नहीं दी गई।चालक द्वारा बताया गया कि अंबिकापुर निवासी मोहन जायसवाल द्वारा चालक को वाहन उपलब्ध कराकर अमेरा में संग्रहित चोरी के कोयला को भोले नामक व्यक्ति के माध्यम से वाहन में लोड कराया गया था। एसईसीएल सुरक्षा विभाग द्वारा उक्त चोरी के कोयला लोड वाहन समेत चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वाहन में तीन टन वज़नी कोयला लोड होना पाया गया जिसकी क़ीमत बीस हजार रुपए बताई गई है,मामले में पुलिस ने धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई करते हुए विवेचना शुरू की है। बताया गया कि आरोपी वाहन चालक ने अमेरा खदान से पीछा करने के दौरान सांड्बॉर बैरीयर से कालीघाट होते हुए बिश्रामपुर पहुँचा था,ज्ञात हो कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न कोयला खदानों में इन दिनों कोयला व कबाड़ का अवैध कारोबार धडल्ले के साथ किया जा रहा है। अवैध कोयला व कबाड़ चोरी की घटनाओं के साथ ही चोरों द्वारा सुने मकानों को भी अपना निशाना बनाकर भीतर रखे सामान ग़ायब किए जा रहे हैं जिससे आमजनों में भय का माहौल बना हुआ है।चोरी की घटनाओं के रोकथाम व आरोपियों पर ठोस कार्यवाही करने हेतु कई जनप्रतिनिधि सूरजपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप चुके हैं।

- पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध चोरी का अपराध किया दर्ज



जब्त कोयला लोड वाहन, इनसेट में आरोपी ड्रायवर।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

